**प्रेस नोट**
**दिनांक 03.07.2026, थाना कोतवाली नगर**
**जनपद गोण्डा।**

**थाना कोतवाली नगर व एसओजी/सर्विलांस की संयुक्त कार्यवाही में 24 घंटे के अन्दर हत्या की घटना का खुलासा, घटना में संलिप्त हत्याभियुक्त पुलिस मुठभेड़ में घायल/गिरफ्तार, कब्जे से 01 अदद अवैध तमंचा मय कारतूस व 01 अदद मोटरसाइकिल बरामद।**

पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री अजीत कुमार रजक के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर श्री आनन्द कुमार राय के नेतृत्व में थाना कोतवाली नगर व एसओजी/सर्विलांस की संयुक्त कार्यवाही में थाना स्थानीय में पंजीकृत मु0अ0सं0-623/26, धारा 103(1) बीएनएस से सम्बन्धित हत्याभियुक्त संजय गौतम पुत्र पतिराज निवासी माधवपुर चकत्ता, थाना कोतवाली नगर, गोण्डा को पोर्टरगंज के पास दुल्लापुर में पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर मय 01 अदद जिन्दा व 01 अदद खोखा कारतूस व 01 अदद स्पलेण्डर मोटरसाइकिल बिना नम्बर प्लेट , 01 अदद कान की बाली पीली धातु(मृतका की) बरामद किया गया।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

दिनांक 02.07.2026 को प्रातः समय लगभग 10.30 बजे थाना को० नगर क्षेत्रांतर्गत ग्राम माधवपुर चकत्ता में संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवती के शव बरामद होने की सूचना थाना कोतवाली नगर पुलिस को प्राप्त हुई, सूचना पर स्थानीय पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर मृतका के शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा/पोस्टमार्टम की कार्यवाही करायी गयी। घटना की सूचना पर उच्चाधिकारीगण द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया, फील्ड यूनिट एवं डॉग स्क्वॉड द्वारा आवश्यक साक्ष्य संकलन की कार्यवाही की गई। मृतका के भाई की तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली नगर पर मु०अ०स० 623/26 धारा 103(1)BNS पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा घटना के शीघ्र सफल अनावरण हेतु क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में एसओजी/सर्विलास सहित कुल 04 टीमों का गठन कर अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए थे। जिसके क्रम में आज दिनांक 03.07.2026 को चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर थाना कोतवाली नगर पुलिस व एसओजी/सर्विलास की संयुक्त कार्यवाही में हत्याभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पोर्टरगंज के पास दुल्लापुर में घेराबन्दी की गयी थी। गिरफ्तारी के दौरान अभियुक्त द्वारा पुलिस पार्टी पर फायर किया जाने लगा। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ फायर किये जाने पर हत्याभियुक्त संजय गौतम के दाये पैर पर गोली लगी। जिससे वह घायल होकर गिर गया। जिसे उपचार हेतु जिला अस्पताल गोण्डा में भर्ती कराया गया। गिरफ्तार हत्याभियुक्त के कब्जे से 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर मय 01 अदद जिन्दा व 01 अदद खोखा कारतूस, 01 अदद स्पलेण्डर मोटरसाइकिल बिना नम्बर प्लेट, 01 अदद कान की बाली पीली धातु(मृतका की) बरामद किया गया। गिरफ्तार हत्याभियुक्त के विरूद्ध थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

01. संजय गौतम पुत्र पतिराज निवासी माधवपुर चकत्ता, थाना कोतवाली नगर, गोण्डा।

**अनावरित अभियोग-**

01. मु0अ0सं0-623/26, धारा 103(1) बीएनएस थाना कोतवाली नगर जनपद गोण्डा।

**पंजीकृत अभियोग**

01. मु0अ0सं0-626/26, धारा 109(1) बीएनएस व 3/25/27 आर्मस एक्ट थाना कोतवाली नगर जनपद गोण्डा।

**बरामदगी-**

01. 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर मय 01 अदद जिन्दा व 01 अदद खोखा कारतूस

02. 01 अदद स्पलेण्डर मोटरसाइकिल बरामद।

03. 01 अदद कान की बाली, पीली धातु(मृतका की)

**गिरफ्तारकर्ता टीम थाना को0नगर-**

01. प्रभारी निरीक्षक श्री बिन्देश्वरी त्रिपाठी थाना कोतवाली नगर ।

02. उ0नि0 अजय तिवारी

03. हे0का0 राकेश यादव

04. का0 अनिल यादव

05. का0 राजू खरवार

**गिरफ्तार कर्ता टीम एसओजी/सर्विलांस-**

1. प्रभारी एसओजी/सर्विलांस उ०नि० मनीष कुमार
2. मु०आ०अमित पाठक
3. मु०आ० आशुतोष तिवारी
4. मु०आ० अरुण यादव
5. मु०आ० लोकेश नागर
6. मु०आ० बिरजू कुमार
7. मु०आ० अभिनव सिंह
8. मु०आ० रवि प्रताप यादव
9. का0 विनय राय
10. का0 अनुराग पटेल

मीडिया सेल, गोण्डा।

**प्रेस नोट**

**दिनांक: 03.7.2026**

**जनपद गोण्डा।**

**पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा 02 पुलिस उपाधीक्षकों के स्थानान्तरण पर गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन, प्रतीक चिन्ह व बुके देकर दी गईं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं-**

जनपद गोण्डा में क्षेत्राधिकारी सदर के पद पर तैनात रही सुश्री शिल्पा वर्मा के जनपद गोरखपुर स्थानांतरण व अभिसूचना इकाई में तैनात रहे श्री पवन वर्मा के जनपद अयोध्या स्थानान्तरण के उपलक्ष्य में पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल के निर्देशन में रिजर्व पुलिस लाइन, गोण्डा के सभागार कक्ष में एक भव्य एवं गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अत्यंत सौहार्दपूर्ण एवं सम्मानजनक वातावरण में सम्पन्न हुआ, जिसमें जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारीगण, अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी व पश्चिमी, क्षेत्राधिकारीगण, थाना प्रभारीगण सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। समारोह के दौरान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा पुलिस उपाधीक्षक सुश्री शिल्पा वर्मा व श्री पवन वर्मा को प्रतीक चिन्ह भेंट कर तथा बुके देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अन्य अधिकारीगण द्वारा भी उन्हें पुष्पगुच्छ भेटकर उनके उत्कृष्ट सेवाकाल की सराहना की, तथा उनके उज्ज्वल भविष्य एवं सफल आगामी दायित्वों हेतु हार्दिक शुभकामनाएं व्यक्त की गई।

पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा अपने संबोधन में कहा कि सुश्री शिल्पा वर्मा व श्री पवन वर्मा कर्मठ, अनुशासित एवं कुशल प्रशासनिक अधिकारी रहे हैं, जिन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान जनपद में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, अपराध नियंत्रण में प्रभावी कार्यवाही करने तथा आमजन के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व एवं अनुभव का लाभ विभाग को सदैव प्राप्त होता रहेगा तथा उनके द्वारा स्थापित कार्यशैली अन्य अधिकारियों के लिए प्रेरणास्रोत बनी रहेगी।

इस अवसर पर सुश्री शिल्पा वर्मा व श्री पवन वर्मा द्वारा भी अपने उद्गार व्यक्त करते हुए जनपद गोण्डा में बिताए गए समय को अपने सेवा जीवन का महत्वपूर्ण एवं यादगार अध्याय बताया तथा सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग के लिए आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि यहां का अनुभव उनके आगामी दायित्वों के निर्वहन में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा।

**इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री अजीत कुमार रजक, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री राधेश्याम राय, समस्त क्षेत्राधिकारीगण, थाना प्रभारीगण, प्रतिसार निरीक्षक एवं अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन भावनात्मक एवं आत्मीय वातावरण में हुआ, सभी अधिकारी एवं कर्मचारीगण ने सुश्री शिल्पा वर्मा व श्री पवन वर्मा को विदाई देते हुए उनके स्वस्थ, सुखद एवं सफल भविष्य की कामना की।**

**मीडिया सेल,गोण्डा।**